# कनषि्क त्रासदी

**[स्रोत: द हिंदू]**

हाल ही में कनाडा ने कहा है कि **1985 में एयर इंडिया फ्लाइट 182 में हुए बम विस्फोट** की जाँच अभी भी **"सक्रिय और जारी है"**।

- **23 जून 1985** को **मॉन्ट्रियल-नई दिल्ली एयर इंडिया की 'कनिष्क' फ्लाइट 182**, जो कनाडा से लंदन होते हुए भारत जा रही थी, **आयरिश तट के पास विस्फोट में दुर्घटनाग्रस्त हो गई**, जिसमें विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए, जिनमें से **अधिकांश भारतीय** थे।
- **टोक्यो** के **नारिता हवाई अड्डे** पर एक और विस्फोट में **दो जापानी बैगेज़ हैंडलर** मारे गए, जबकि विमान अभी भी हवा में था।
  - जाँचकर्त्ताओं ने बाद में बताया कि यह बम फ्लाइट 182 पर हुए हमले से जुड़ा था और **यह बैंकॉक जाने वाली एयर इंडिया की एक अन्य फ्लाइट के लिये था**, लेकिन यह समय से पहले ही फट गया।
- इस बम विस्फोट का श्रेय **1984** में भारतीय सेना द्वारा किये गए **'ऑपरेशन ब्लूस्टार'** के प्रतिशोध में **सिख आतंकवादियों (खालिस्तानियों)** को दिया गया।
  - **'ऑपरेशन ब्लूस्टार'** अमृतसर के **स्वर्ण मंदिर** से सिख उग्रवादियों को हटाने के लिये भारत सरकार द्वारा आदेशित एक सैन्य अभियान था।
  - **खालिस्तान आंदोलन** एक अलगाववादी आंदोलन है जो **पंजाब क्षेत्र** में खालिस्तान नामक एक **जातीय-धार्मिक संप्रभु राज्य की स्थापना करके सिखों** के लिये एक मातृभूमि बनाने की मांग कर रहा है।

**और पढ़ें:** ऑपरेशन ब्लू स्टार की 36वीं वर्षगाँठ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kanishka-tragedy